# News Release

# खेल शुरू!

## *एमिली कैर सेकेंडरी स्कूल में नया बहुउद्देशीय कृत्रिम टर्फ मैदान खुला*

**वॉन (25 मई, 2026)** – वॉन के खेल समुदाय को एक और बड़ी सौगात मिली है! एमिली कैर सेकेंडरी स्कूल (4901 रदरफोर्ड रोड) में एक नया बहुउपयोगी कृत्रिम टर्फ मैदान अब खुल गया है, जिससे खिलाड़ियों को खेलने, अभ्यास करने और प्रतियोगिताओं के लिए एक आधुनिक और बेहतर जगह मिलेगी।

आज पहले, मेयर स्टीवन डेल ड्यूका, सिटी काउंसिल के सदस्यों और यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के प्रतिनिधियों ने नए मैदान के भव्य उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह स्थानीय खेल और मनोरंजन गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

अब पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार यह अत्याधुनिक सुविधा फुटबॉल, सॉकर, रग्बी, फील्ड हॉकी और ट्रैक एंड फील्ड जैसे कई खेलों के लिए खेलने के ज्यादा अवसर उपलब्ध कराएगा- जिससे यह हर स्तर के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख खेल केंद्र बन जाएगा।

इस उन्नत परिसर में नई और बेहतर फील्ड लाइटिंग, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, डिजिटल स्कोरबोर्ड और दर्शकों के लिए आधुनिक ब्लिचर्स जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जो खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगी।

इस नई सुविधा के साथ, वॉन खेलों के माध्यम से लोगों को एक साथ जोड़ने वाले बेहतरीन खेल और मनोरंजन स्थल तथा स्वस्थ और सक्रिय समुदायों के विकास में लगातार निवेश कर रहा है। किराए से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया vaughan.ca/**FacilityRentals** पर संपर्क करें।

**उद्धरण**

"मुझे यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के अपने साझेदारों के साथ मिलकर एमिली कैर सेकेंडरी स्कूल में इस नए बहुउपयोगी कृत्रिम टर्फ मैदान के भव्य उद्घाटन का जश्न मनाते हुए गर्व हो रहा है। यह आधुनिक और उच्च गुणवत्ता वाला मैदान खिलाड़ियों को अभ्यास करने और आनंद लेने के लिए बेहतरीन जगह प्रदान करता है, चाहे वे अभी शुरुआत कर रहे हों या उच्च स्तर पर प्रतियोगिता कर रहे हों। यह नया मैदान सिटी ऑफ़ वॉन द्वारा खेल, मनोरंजन, युवाओं और समुदाय के विकास में किए जा रहे लगातार निवेश का प्रतीक है। मैं प्लानिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट टीम और यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट

स्कूल बोर्ड को उनके शानदार सहयोग और प्रयासों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिनकी वजह से यह संभव हो पाया। अब सभी लोग अपने जूते पहनें, मैदान में उतरें और इसका आनंद लें!"
- मेयर स्टीवन डेल ड्यूका

" मुझे बहुत खुशी है कि खिलाड़ी और खेल प्रेमी अब एमिली कैर सेकेंडरी स्कूल में नए और बेहतर मैदान का आनंद ले सकेंगे! फुटबॉल, रग्बी और ट्रैक एंड फील्ड सहित कई तरह के खेलों के लिए उपयुक्त यह मैदान जल्द ही खेल गतिविधियों, सामुदायिक जुड़ाव और भरपूर मनोरंजन का एक जीवंत केंद्र बन जाएगा। मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इसे संभव बनाने में योगदान दिया। मुझे उम्मीद है कि आने वाले कई वर्षों तक यह मैदान लोगों के लिए खूबसूरत यादों की जगह बनेगा।"
-वार्ड 2 के पार्षद एड्रियानो वोल्पेनटेस्टा

"शारीरिक गतिविधि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और बेहतर जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमारे बोर्ड की बहुवर्षीय रणनीतिक योजना की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है, जिसे बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा तैयार किया गया है। इस मैदान का निर्माण करके हम विद्यार्थियों की उपलब्धियों को समर्थन दे रहे हैं और स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा दे रहे हैं। मैं मेयर स्टीवन डेल डुका, वॉन शहर और शिक्षा मंत्रालय का इस क्षेत्र में निवेश और सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद करता हूँ।"
- रॉन लिन, यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के बोर्ड अध्यक्ष

"खेल में समुदायों को एकजुट करने की शक्ति होती है, और साथ ही यह जुड़ाव, आत्मविश्वास और साझा उद्देश्य की भावना को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, बेहतर जीवन और उपलब्धियों को मजबूत बनाता है। यह नया कृत्रिम टर्फ मैदान इस प्रभाव को और बढ़ाएगा, क्योंकि यह सभी के लिए एक बेहतर और समावेशी खेल स्थान उपलब्ध कराता है, जिससे खेलने के अवसर बढ़ेंगे, खेल का मौसम लंबा होगा और विद्यार्थियों व समुदाय के लोगों को साथ आने और आगे बढ़ने के अधिक मौके मिलेंगे। मैं वॉन शहर का हमारे विद्यार्थियों के लिए लगातार सहयोग और समर्थन देने के लिए तथा शिक्षा मंत्रालय का इस पहल में सहयोग के लिए धन्यवाद करता हूँ।"
- बिल कोबर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड

**संक्षिप्त तथ्य**

- आज पहले, स्टीवन डेल डुका, परिषद के सदस्य और यॉर्क रीजन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के सदस्य एमिली कैर सेकेंडरी स्कूल में नए कृत्रिम टर्फ मैदान के भव्य उद्घाटन समारोह का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए।
- अब पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार यह अत्याधुनिक सुविधा फुटबॉल, सॉकर, रग्बी, फील्ड हॉकी और ट्रैक एंड फील्ड जैसे कई खेलों के लिए खेलने के ज्यादा अवसर उपलब्ध कराएगा- जिससे यह हर स्तर के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख खेल केंद्र बन जाएगा।
- इस उन्नत परिसर में नई और बेहतर फील्ड लाइटिंग, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, डिजिटल स्कोरबोर्ड और दर्शकों के लिए आधुनिक ब्लिचर्स जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जो खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगी।

# News Release

**और अधिक जानें**

- [vaughan.ca/**parks**](vaughan.ca/parks)

**इस समाचार विज्ञप्ति को निम्नलिखित भाषाओं में पढ़ें**

- कैंटोनीज़
- फ़ारसी
- हिब्रू
- हिंदी
- इतालवी
- मैंडरिन
- रूसी
- स्पेनिश
- तागालोग
- तमिल
- उर्दू
- वियतनामी

-30-

**वॉन के बारे में:** वॉन शहर कनाडा के सबसे तेज़ी से बढ़ते शहरों में से एक है, जिसकी जनसंख्या 3,44,412 से अधिक है। 1991 में स्थापित वॉन में कॉनकॉर्ड, क्लाइनबर्ग, मैपल, थॉर्नहिल और वुडब्रिज जैसी समुदाय शामिल हैं। यह सांस्कृतिक रूप से विविध नगरपालिका यॉर्क क्षेत्र और ग्रेटर टोरंटो एरिया के केंद्र में स्थित है।

**मीडिया संपर्क:** वॉन शहर
संचार, विपणन और सहभागिता विभाग
905-832-2281 | corpcomm@vaughan.ca